(आगम परंपरा के अंगभूत कौल संप्रदाय में कुलार्णव तंत्र का विशेष महत्व है। कश्मीरी त्रिक मत के परमाचार्य स्वामी राम और ईश्वरस्वरूप स्वामी लक्ष्मण जू इस विशिष्ट आगम ग्रंथ के प्रथम और नवमें उल्लास के अध्ययन पर विशेष बल दिया करते थे। प्रस्तुत अंक से हम इन दो उल्लासों का मूल पाठ तथा हिन्दी अनुवाद स्वामी जी द्वारा किए गए संशोधन सहित धारावाहिक रूप में अपने पाठकों के आध्यात्मिक लाभ के लिए दे रहे है।)

कथयन्त्युन्मनीभावं स्वयं नानुभवन्ति च।
अहंकाररताः केचिदुपदेशादिवर्जिताः ।।93।।

93. स्वयं तो (ईश्वर का) कुछ भी अनुभव नहीं होता पर उन्मनी भाव–अवस्था (योगियों की दशा विशेष) की व्याख्या करते हैं। इसी प्रकार गुरु के संप्रदाय से रहित बन कर कई अहंकारी जन संसार में पाये जाते हैं।

पठन्ति वेदशास्त्राणि विवदन्ति परस्परम्।
न जानन्ति परं तत्त्वं दर्व्वी पाकरसं यथा ।।94।।

94. (कई संसारी लोग) ऐसे तो वेदों तथा शास्त्रों को पढ़ाते रहते हैं और आपस में विवाद भी करते हैं, पर यह सभी कुछ करके भी परमधाम के स्थान को नहीं जान पाते। जैसे कड़छी सभी सब्जियों को बनाते समय उसी में रहती है पर उन व्यन्जनों (पदार्थों) के रस–ज्ञान को नहीं जानती।

शिरो वहति पुष्पाणि गंधं जिघ्रति नारिका।
पठन्ति वेदशास्त्राणि दुर्लभो भाववेदकः ।।95।।

95. जैसे सिर पर फूलों को चढ़ाते हैं पर उनकी सुगन्ध तो नासिका (नाक) में जानी जाती है – इसी भान्ति लोग वेदों तथा शास्त्रों को पढ़ते रहते हैं पर शास्त्रों के अर्थ को जानने वाला कोई विरला ही होता है।

तत्त्वमात्मस्थमज्ञात्वा मूढः शास्त्रोषु मुह्यति।
गोपः कुक्षिगतं छागं कूपे पश्यति दुर्मतिः ।।96।।

96. अपने हृदय में ठहरे हुए परमेश्वर के स्वरूप को न जान कर मूर्ख मनुष्य उस प्रभु को शास्त्रों में ढूंढने जाते हैं। जैसे कोई मूर्ख ग्वाला अपनी गोद में बैठी हुई बकरी को, गोद में न देखकर कुएं में देख करके मोहित होता है।

संसारमोहनाशाय शब्दबोधा नहि क्षमः।
न निवर्तेे तिमिरं कदाचिद्दीपवार्तया ।।97।।

97. संसार रूपी मोह को नष्ट करते में शब्द बोध अर्थात् समर्थ नहीं हो सकता। क्या भला दीपक की वार्ता करने से कभी अन्धकार भी नष्ट हो सकता है।

प्रज्ञाहीनस्य पठनं अन्धस्य दर्पणं यथा।
देवि प्रज्ञावतः शास्त्रं तत्त्वज्ञानस्य साधनम् ।।98।।

98. हे देवी ! ज्ञान–हीन को शास्त्रों को पढ़ना उसी प्रकार व्यर्थ है, जिस प्रकार अंधे को दर्पण (शीशा) दिखाना निष्फल है। पर विवेकी पुरुष को तो शास्त्रों को पढ़ना ही परमेश्वर के जानने का परम साधन बनता है।

अग्रतः पृष्ठतः केचित् पार्श्वयोरपि केचन।
तत्त्वमीदृक्ताहृक् इति विवदन्ति परस्परम्।।99।।

सद्विद्यादानशौर्याद्यैर्गुणैर्विख्यातमानवाः।
ईदृशास्तादृशाश्चेति ते दूरस्थः कथ्यते जनः
।।100।। (युग्लकम्)

99–100. परमेश्वर का स्वरूप ऐसा है और वैसा है, इस प्रकार कई लोग आगे से, कई पीछे से और कई लोग दाईं बाईं ओर से परस्पर विवाद करते रहते हैं।

वे सद्विद्या (परमेश्वर के यथार्थ स्वरूप को जानने के बिना) का दान करने में वीरता आदि गुणों से विख्यात (प्रसिद्ध) हों, पर केवल शास्त्रों के बल पर ही, ईश्वर ऐसा है और वैसा है, ऐसे व्याख्यान झाड़ने से ही वे पारंगत नहीं हो सकते। बुद्धिमान् जन उनको यथार्थता से बहुत दूर समझते हैं।

प्रत्यक्षग्रहणं नास्ति वार्तया ग्रहणं प्रिये।
एवं ये शास्त्रसम्मूढास्ते दूरस्था न संशयः ।।101।

101. हे पार्वती ! प्रत्यक्ष तो प्रभु हो नहीं समझते हैं। वार्त्ता अर्थात् शास्त्रों द्वारा उसे समझाना चाहते हैं। इस प्रकार जो लोग शास्त्रों में ही मूढ़ बने हुए हैं, वे अवश्य ही

प्रभु से बहुत दूर हैं।

इदं ज्ञानमिदं ज्ञेयं सर्वतः श्रोतुमिच्छति।
देवि ! वर्षसहस्रयुः शास्त्रान्तं नैवगच्छति ।।102।

102. ज्ञान क्या है और ज्ञेय (पदार्थ) क्या है ? यदि मनुष्य इस का अर्थ सुनना चाहे तो हे देवी ! हजार वर्ष आयु होते हुए भी शास्त्रों की अन्तिम सीमा (हद) तक नहीं पहुंच सकता।

वेदाद्यनेकशास्त्राणि ह्यल्पायुः विघ्नकोटयः।
तस्मात्सारं विजानीयात्क्षीरं हंस इवाम्भसः।।103।

103. इधर तो वेद आदि अनेक शास्त्र हैं और उधर मनुष्य की आयु बहुत ही थोड़ी है। उस आयु में भी करोड़ों विघन आते हैं। अतः जैसे हंस, मिले हुए दूध और पानी में से दूध हो निकाल लेता है इसी तरह सार बनी हुए (आत्म रूप) वस्तु को ही समझने का प्रयत्न करना चाहिए।

अभ्यस्य वेदशास्त्राणि तत्त्वं ज्ञात्वार्थ बुद्धिमान्।
पलालमिव धान्यार्थी सर्वशास्त्राणि सन्त्यजेत्।।104।।

104. बुद्धिमान को चाहिए कि संपूर्ण शास्त्र का अभ्यास करके उसमें से पारमार्थिक स्वरूप समझकर फिर उसी भांति सभी शास्त्रों को तिलांजलि (छोड़) दे। जिस तरह धान्य की रक्षा के लिए उसके घास की रक्षा की जाती है। जब धान्य पक जाता है तो धान्य को सुरक्षित रखकर घास को छोड़ देते हैं।

यथामृतेन तृप्तस्य नाहारेण प्रयोजनम्।
तत्त्वज्ञस्य तथा देवि! न शास्त्रेण प्रयोजनम् ।105।

105. हे देवी ! जैसे अमृत के पीने से तृप्त बने हुए पुरुष को भोजन करने से कोई भी प्रयोजन (मतलब) नहीं रहता, उसी तरह परमेश्वर को स्वरूप अच्छी तरह समझने के पश्चात् शास्त्रों के पढ़ने पढ़ाने को प्रयोजन नहीं रहता है।

न वेदाध्ययनान्मुक्तिने शास्त्रपठनादपि।
ज्ञानादेव हि कैवल्यं नान्यथा वीरवन्दिते ।।106।।

106. हे वीरों द्वारा वन्दना की गई देवी ! न वेदों के पढ़ने से मुक्ति प्राप्त होती है और न शास्त्रों के पढ़ने से। मुक्ति तो केवल आत्मज्ञान से ही हो सकती है अन्य किसी से नहीं।

नाश्रमाः कारणं मुक्तेर्दर्शनानि न कारणम्।
तथैव सर्वशास्त्राणि ज्ञानमेव हि कारणम् ।।107।

107. न आश्रमों (ब्रह्मयर्च आदि) का पालन करना, न षड़दर्शनों का पढ़ना और इसी भांति अन्य शास्त्रों का पढ़ना भी मुक्ति का करण नहीं हो सकता है। मुक्ति का कारण तो केवल ज्ञान—मात्र ही है।

मुक्तिदा गुरुवागेका विद्याः सर्वा विड़म्बकाः।
काष्ठभारसहस्रेषू ह्येकं संजीवनं परम।।108।।

108. केवल एक गुरु—वाणी मोक्ष दिला सकती है शेष अन्य सभी विद्याएं ढोंग हैं। जैसे हजारों लकड़ियों के ढेर में से केवल एक संजीवनी की लकड़ी की अमूल्य वस्तु होती है।

अद्वैतन्तु शिवेनोक्तं क्रियायासविवर्जितम्।
गुरुवक्त्रेण लभ्येत नान्यथागमकोटिभिः।।109।।

109. प्रभु महोदव जी ने जो अद्वैत स्वरूप, सभी बाहर और भीतर से रहित, अर्थात् निराकार रूप वर्णन किया है उस प्रभु के स्वरूप को गुरु—मुख से ही समझना चाहिए। करोड़ों शास्त्रों के संभार (ढेर) को पढ़कर नहीं।

आगमोत्थ विवेकोत्थं द्विधा ज्ञानं प्रचक्षते।
शब्दब्रह्मागममयं परं ब्रह्म विवेकजम्।।110।।

110. ज्ञान दो प्रकार का है — शास्त्रों द्वारा उत्पन्न और आत्म—विवेक से उत्पन्न बना हुआ। शास्त्रों का ज्ञान 'ब्रह्म संबंधि' कहलाता है और विवेक से उत्पन्न ज्ञान 'परब्रह्म ज्ञान' कहलाता है।

अद्वैतं केचिदिच्छन्ति द्वैतमिच्छन्ति चापरे।
परं तत्त्वं न जानन्ति द्वैताद्वैतविवर्जितम्।।111।।

111. कई तो परमपद का वर्णन द्वैत रूप से ही करते हैं। कई अद्वैतरूप ही बताते हैं। किंतु इन दोनों से परे जो 'समस्वरूप' है उसे कोई नहीं जानता।

द्वे पदे बन्धमोक्षाय ममेति न ममेति च।
ममेति बाध्यते जन्तुर्नममेति विमुच्यते।।112।।

112. 'मेरा है और मेरा नहीं है' ये दो ही पद संसार तथा मोक्ष को देते हैं। 'मेरा' कहने से जीव संसार में फंस जाता है और 'मेरा नहीं है' इससे मुक्त होता है।

तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तये।
आयासायापरं कर्म विद्यान्या शिल्पनै पुणम्।।113।।

113. कर्म वह करना चाहिए जिससे संसार में न फंसे। विद्या वहीं है जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो। इन दोनों से अन्य (दूसरा) कर्म केवल कष्ट को देने वाले हैं तथा दूसरी सब विद्यायें शिल्य—मात्र (सिर्फ हुनर) ही हैं।

यावत् कामादि दीप्येत यावत्संसार वासना।
यावदिन्द्रियचापल्यं तावत्तत्त्वकथा कुतः।।114।।

114. जब तक मनुष्य में 'कामवासना' है। जब तक संसार में अन्य (व्यवहार की) वासनायें हैं और जब तक इन्द्रियों की चंचलता बनी रहती है तब तक स्वरूप–प्राप्ति की वार्त्ता ही कहां हो सकती है।

यावत् प्रयत्ने वेगोऽस्ति यावत्संकल्पकल्पनः।
यावन्न मनसः स्थैर्यं तावत्तत्त्वकथा कुतः।।115।।

115. जब तक संसारिक विषयों में प्रयत्न तथा वेग (अर्थात् उद्योग) बना रहता है, जब तक संकल्प–विकल्प विद्यमान् है और जब तक मन एकाग्र वृत्ति में नहीं ठहरता तब तक स्वरूप लाभ की वार्त्ता कहां की जा सकती है।

यावद्देहाभिमाश्च ममता यावदेव हि।
यावन्नगुरुकारुण्यं तावत्तत्त्वकथा कुतः।।116।।

116. जब तक देहाभिमान बना रहता है, जब तक ममता दिखाई देती है और जब तक गुरु की कृपा नहीं होती तब तक आत्म–प्राप्ति की कथा कैसे की जा सकती है।

तावत्तपो व्रतं तीर्थं जपहोमार्चनादिकम्।
वेदशास्त्रागमकथा यावात्तत्त्वं न विन्दते।।117।।

117. तभी तक मनुष्यों को तपस्या, व्रत रखना, तीर्थ यात्रा, जप हवन, पूजा, वेदों और शास्त्रों का पठन पाठन (पढ़ना पढ़ाना) करना चाहिए जब तक कि मनुष्य को आत्म–साक्षात्कार न प्राप्त हो।

तस्मात्सर्वप्रयतनेन सर्वावस्थासु सर्वदा।
तत्त्वनिष्ठो भवेत् देवि! यदीच्छेन्मोक्षमात्मनः ।118।

118. इसलिए हे देवी! यदि मनुष्य अपना मोक्ष चाहता है तो उसे महान् प्रयत्न (बड़ी कोशिश) पूर्वक, हर किसी हालत में, रात और दिन लगातार अपने ही स्वात्म–चिन्तन में निष्ठ बनना चाहिए।

धर्मज्ञानसुपुष्पस्य स्वर्गलोकफलस्य च।
तापत्रयार्तिसन्तप्तश्छायां मोक्षतरोः श्रयेत्।।119।।

119. इसलिए तीनों (शरीर, मन और दैव संबंधि) दुःखों से दुखित बना हुआ पुरुष, मोक्ष रूपी वृक्ष की छाया का आश्रय (सहारा) लेवे। जिस मोक्ष–वृक्ष से धर्म तथा ज्ञान रूपी फूल उगते है और जिस वृक्ष से स्वर्ग–लोक रूपी फल प्रकट होते हैं।

बहुनात्र किमुक्तेन रहस्यं शृणु पार्वति।
कुलधर्माहते मुक्तिर्नास्ति सत्यं न संशयः।।120।।

120. अधिक कहने से क्या प्रयोजन (मतलब) है। हे पार्वती! रहस्य कथन तो यही है कि कुल–धर्म को छोड़कर अन्य किसी भी धर्म का आश्रय लेने से कभी भी मुक्ति नहीं हो सकती है। यह मैं सत्य कहता हूं और इसमें (ज़रा भी) संशय नहीं है।

तस्मात् पार्वतितत्त्वं* विज्ञाय श्रीगुरोर्मुखात्।
सुखेन मुच्यते जन्तुर्घोरसंसार बन्धनात्।।121।।

121. हे पार्वती! इसलिए उस परमेश्वर के स्वरूप को श्री गुरुदेव के मुख से समझकर प्राणी इस भयंकर संसार रूपी सागर से सुख–पूर्वक मुक्त हो जाता है।

इति ते कथितं किन्चिज्जीवजातिस्थितिं प्रति।
समासेन कुलेशानि किं भूयः श्रोतुमिच्छसि।122।।

122. हे जगत्–ईश्वरी ! इस प्रकार मैंने जीव के स्वाभाविक स्थिति के विषय में कुछ संक्षेप से कहा है। अब इसके अतिरिक्त और क्या सुनना चाहती हैं।

इति श्री कुलार्णवे महारहस्ये
सर्वागतोत्तमोत्तमे सपादलक्षग्रन्थे पन्चमखण्डे
ऊर्ध्वाम्नायतन्त्रे जीवस्थिति
कथनं नाम प्रथमं उल्लासः।।

(कुलार्णव तन्त्र में कहे गये पहले समुल्लास की
हिन्दी टीका समाप्त हुई।)
ओं शान्तिः शांति शांति। ओं।

---

*. पाठान्तर :– कुलामृतं तत्त्वं = कुलरुपी अमृत

वर्तमान युग में काश्मीर शिवाद्वयवाद की प्रासंगिकता: दैनिक गतिविधियों में संपाद्य योगविधि रूप में

– डॉ. मीरा रस्तोगी –

आज प्राचीन विद्याओं का आधुनिक संदर्भण अत्यावश्यक है ताकि संप्रति उनकी उपादेयता सिद्ध हो सके और वर्तमान जीवन की समस्याओं के समाधान में उनका उपयोग हो सके। यहाँ यह द्रष्टव्य है कि समस्त भारतीय दर्शन–संप्रदाय केवल बौद्धिक चिंतन नहीं है वरन जीवन जीने की एक विशिष्ट पद्धति भी प्रस्तुत करते हैं। काश्मीर शिवाद्वयवाद में भी यह दृष्टि पूर्ण परिपक्व रूप में उपलब्ध होती है। इसी कारण यहाँ के आचार्य इसे अनुभवदर्शन कहते हैं और बार बार तत्त्वमीमांसीय अनुभव को व्यावहारिक जीवन के अनुभवों के साथ जोड़कर उसकी सर्वजनग्राह्यता की संभावना को अभिव्यक्त करते हैं।[1] यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि मानव मन की प्रथम अभिलाषा है समस्त दुःखों से एकांतिक और आत्यंतिक मुक्ति तथा अक्षय आनन्द की प्राप्ति। इसी लक्ष्य की सिद्धि हेतु वह सदैव सचेष्ट देखा जाता है। समस्त शास्त्रों के आविर्भाव का भी यही रहस्य है, परम कारुणिक परमेश्वर मानवता को कष्टों से मुक्ति का मार्ग दिखाने हेतु ही उस ज्ञान को प्रकाशित करने की प्रेरणा देते हैं।

इसी लक्ष्य को लेकर अवतरित शैव शास्त्रों में 64 भैरव तंत्रों को मूल में ले कर प्रस्तुत इस काश्मीर शिवाद्वयवादी संप्रदाय में यह द्रष्टव्य है कि यहाँ वह कौन सा मार्ग प्रतिपादित है जिस का अनुसरण करने से सारे दुःखों का उच्छेद संभव है। विश्लेषण करने पर हम पाते हैं कि इसका रहस्य यहाँ की विशिष्ट तत्त्वमीमांसा में निहित है। यहाँ सब कुछ एक चित्तत्त्व का ही प्रसार बता कर समस्त अनुभवों का स्रोत उसी को सिद्ध किया गया है[2] जिससे यही अभिप्राय निर्गलित होता है कि समस्त सुख और दुख के उद्‌गम का हेतु हमारी अपनी चेतना में निहित है[3] अतः चित्परिष्कार ही इन प्रतिकूल वृत्तियों के परिहार का एकमात्र उपाय है जिसे यह संप्रदाय चित्तविश्रांति, चित्तसंबोध तथा चित्तप्रलय की तांत्रिक भाषा में प्रस्तुत करता है।[4] शिवसूत्रों में आत्मा को जो क्रमशः चैतन्यम् आत्मा, चित्तं मन्त्रः और आत्मा चित्तम् इस प्रकार से प्रस्तुत किया गया है वे चेतना की ही विविध भूमिकाएँ हैं। वहाँ इन तीनों अवस्थाओं के लिए एक–एक मार्ग प्रतिपादित है जिसका आधार है उस चिदवस्था की सामर्थ्य। आचार्य क्षेमराज अपने गुरु अभिनवगुप्त के प्रभाव में इनको क्रमशः शांभवोपाय, शाक्तोपाय और आणवोपाय संज्ञाओं से संबोधित करते हैं।

आचार्य सोमानंद सर्व–शिवात्मकता के अनुभव को ही कष्ट–मुक्ति का उपाय मानते हैं[5], आगे चल कर आचार्य उत्पल जिसे प्रत्यभिज्ञा का नाम देते हैं तथा स्वशक्त्याविष्करण के रूप में समझाते हैं[6]। वे इसे अपने गुरु को निर्देशित करते हुये सर्वथा नवीन और सुघट उपाय कहते हैं।[7] सुघटता से उनका अभिप्राय है कि यहाँ किसी प्रकार की बाह्य चर्या तथा कठोर साधना के बिना ही लक्ष्य की सिद्धि होती है।[8] आचार्य अभिनवगुप्त इसे हृदयस्पंदनात्मक पद्धति कहते हैं जिसका आशय है कि यहाँ प्रतिपादित पद्धति में बुद्धि के द्वारा उपपत्तियों के बल पर उस परम साध्य की सिद्धि नहीं की जाती वरन् हृदयाश्वासकारी स्वानुभव के बल पर ही उसको प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।

यहाँ इस विवेचन का प्रयोजन उन सूत्रों का संधान है जो वर्तमान जीवन शैली के साथ इस ज्ञानविधा को जोड़ सकें। आचार्य अभिनवगुप्त ने अपने स्तोत्र अनुत्तराष्टिका में स्पष्ट कहा है – **मा किंचित्त्यज मा गृहाण विलस स्वस्थो यथावस्थितः।** इस कथन से यह संकेतित है कि सब उस अद्वय तत्त्व की ही अभिव्यक्ति है– ऐसा ज्ञान सुदृढ़

हो जाने पर मन का किसी भी विकार से विकृत हो सकना संभव नहीं है। तब न कुछ त्यागने की आवश्यकता होती है और न ग्रहण करने की।[9] यह सर्वशिवात्मता का अनुभव समस्त ज्ञातृज्ञेयजगत् को एक ही तत्त्व से एकात्म कर देता है।[10]

यहाँ इस ज्ञान को पाने के लिए किसी विशेष जाति, लिंग, वर्ण आदि रूप अधिकारिता की आवश्यकता नहीं है।[11] क्योंकि यह तत्त्वमीमांसा सर्वत्र चेतना[12] के स्वातंत्र्य को ही इस संसार के प्रकाशन का हेतु स्वीकारती है अतः परमेश्वर रूप परम संवित् के शक्तिपात का जो जितनी मात्रा में पात्र है वह उतनी ही मात्रा में इस ज्ञान को पाने का अधिकारी हैं[13] अब समस्या है कि क्या इस सर्वशिवता का अनुभव प्राप्त करना पूरी तरह परमेश्वर की इच्छा पर निर्भर है या व्यक्ति के अपने प्रयासों का भी कुछ महत्त्व है। इस प्रश्न का उत्तर यहाँ की तत्त्वमीमांसा में ही निहित है। यहाँ आत्मा जिसका स्वरूप है चैतन्य, ही सब कुछ करने में समर्थ मानी गयी है। चैतन्य है ज्ञान क्रिया का स्फुरण या स्पंदन। इस तरह चेतना, जो यहाँ परमसंवित् कही गयी है, ही स्वयं को नाना रूपों में भासित करती है, जिनमें से कुछ रूपों में यह स्वातंत्र्य स्फुट रूप से विद्यमान है और कुछ में न होने जैसा है, इसी को क्रमशः ज्ञाता और ज्ञेय रूप भासन कह सकते हैं। यह चेतना पूर्ण स्वतंत्र है जहाँ कोई सीमा नहीं है पर वह जिन रूपों का भासन करती है उनका स्वातंत्र्य उसकी इच्छा से निर्धारित है। इस स्वातंर्त्य का प्रतिफल है यथेच्छ भासन। जब वह स्वतंत्र चित् तत्त्व अपने द्वारा भासित उस रूप को पुनः अपने अंदर समेटना चाहता है तो उसे शक्तिपात का विषय बनाता है[14] और उस व्यक्ति में अन्तःप्रेरणा उत्पन्न होती है अपनी सीमाओं से बाहर आने की। अब वह शक्तिपात की मात्रा के आधार पर अपने लिए समुचित मार्ग चुनता है। यहाँ शक्तिपात के अनेकों प्रकार बताए गए हैं। तीव्र कोटि का शक्तिपात होने पर किसी आंतरिक या बाह्य साधना की आवश्यकता नहीं होती। मध्य कोटि का शक्तिपात होने पर मानसिक साधना अपेक्षित है तथा मन्द कोटि के शक्तिपात में बाह्य साधना की आवश्यकता है। ये तीनों कोटियाँ पुनः तीन–तीन प्रकारों में विभक्त हैं जिससे साधना में और प्रकार भेद मिलते हैं। इस साधना का परिणाम है चित्त की शुद्धि जिसे बौद्ध अज्ञान का विलय भी कहते हैं। अब भेद–बुद्धि का नाश हो जाने से मायीय मल या अशुद्धि भी समाप्त हो जाती है। तदनंतर वह परमसंवित् जो परमेश्वर है, उसके पौरुष अज्ञानजन्य अणुभाव का विलय कर उसे अपनी पूर्णता का अंग बना लेती है। इस विवेचन से परमतत्त्व के स्वातंत्र्य का वर्चस्व भी बना रहता है और व्यक्ति के प्रयासों की महत्ता भी शेष रहती है।

यहाँ जिस स्वस्वरूपज्ञान को इन दुखों का मूल कहा गया है[15] वह भी चेतना के स्वातंत्र्य की ही उपज है। वही पूर्ण चेतना जब स्वातंत्र्य से तरंगित होकर आत्मप्रकाशन करना चाहती है तो स्वयं को ज्ञाता और ज्ञेय के रूप में विभक्त करती है। पर इसके लिए उसे अपनी पूर्णता का संकोचन करना पड़ता है अतः वह अपनी ज्ञान प्रक्रिया सामर्थ्य को संकुचित करती है जिससे भेददृष्टि उत्पन्न हो जाती है। अब भेद दृष्टि से किए गए कर्म बंधन बन जाते हैं और नाना प्रकार के फलों को उत्पन्न करते हुए इस संसार चक्र को निरंतर परिवर्तमान रखते हैं। इस तरह सब उस परम चेतना के स्वातंत्र्य से ही प्रसूत प्रतीत होता है, संसार के कष्ट भी और उनकी निवृत्ति भी।[16]

यहाँ यह ध्यातव्य है कि सारी समस्याओं का मूल है भेदवादी दृष्टि जिसे सामान्य भाषा में कह सकते हैं परायेपन की भावना। परम चेतना है पूर्ण चेतना जिसे शैव शास्त्रों की भाषा में कहीं शिव तथा कहीं परमशिव कहा जाता है और उसके विशेष स्वातंत्र्य को बताने के लिए परमेश्वर तथा महेश्वर जैसे नामों से पुकारा जाता है। इसी तरह उसकी सर्वोत्तीर्णता दिखाने के लिए उसे अनुत्तर भी कहा जाता है। आशय यही है कि सब करने की सामर्थ्य उस चेतना में ही है। सामान्य जीव जिसे यहाँ सीमित या संकुचित प्रमाता कहा गया है उसमें भी वे सारे वैशिष्ट्य विद्यमान हैं, केवल मात्रा का भेद है। अतः जैसे परम चेतना जो प्रत्यवमर्शन स्वभाव वाली है, स्वात्मस्थ विषयों का यथेच्छ भासन करती है वैसे ही सीमित प्रमाता भी एक सीमा में स्वतंत्र भासन कर सकता है, इसलिए वह भी आत्मप्रसार कर ही अपने संसार की रचना करता है। अपने मन में स्थित विषयों में से किसी एक का चयन कर उसे वह वाणी के माध्यम से अभिव्यक्त करता है, पुनः उसको अपने में आत्मसात् कर पुनः नए विषय का उसी प्रकार प्रकाशन करता है। इस प्रक्रिया को इस संप्रदाय में पंचकृत्य

(सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह) की भाषा में समझाया गया है। वह संसार में नए नए विषयों का रूपायन करता है, नये नये अंतर्विरोधों को जन्म देता है।[17] संकुचित दृष्टि होने के कारण वह विषय के समस्त पक्षों को ग्रहण नहीं कर पाता। अतः विषय के जिस पक्ष को वह ग्रहण करता है उसी के अनुसार प्रतिक्रिया करता है। इस तरह उसका यह एकांगी सोच ही संसार में नाना विषमताओं को जन्म देता है। अब यह सुस्पष्ट है कि सुख दुख सभी उस प्रमाता के अपने सोच का परिणाम है।[18] जहाँ आत्मीयता है, अपनापन है, वहाँ सुख है, जहाँ परायापन है वहाँ दुख है, कष्ट हैं। इससे यही बात निकाल कर आती है कि भेदबुद्धिजन्य संकोच ही संसार की सारी विसंगतियों का कारण है। जब हम दूसरे को अपने से भिन्न अनुभव करते हैं तब उसके प्रति वैमनस्य भाव रख कर नितांत संवेदनशून्यता के साथ नाना प्रकार से उसके प्रतिकूल आचरण करते हैं पर यदि वही हमारा स्वजन है तो हमारी सारी प्रतिक्रियायें बदल जाती हैं, सुप्त संवेदनायें जाग्रत हो जाती है।

इसी प्रकार किसी विषय को संपूर्ण परिप्रेक्ष्य में न ग्रहण करने से भी बहुत सी समस्याएँ जन्म लेती हैं। वस्तुतः यह सृष्टि एक वृहत् व्यवस्था है जो परमेश्वर के स्वातंर्त्य तथा कर्म के नियम से संचालित है। समस्त छोटी– छोटी व्यवस्थाएं इसका ही अंग हैं, सारे निषेध और विधान इसी के समुचित संचालन की विधाएँ हैं। यदि यहाँ सीमित स्वार्थ को लेकर व्यवहार किया जाता है तो इस व्यवस्था के सम्यक संचालन में विघ्न उपस्थित होता है और अव्यवस्था उत्पन्न होती है जो किसी भी समाज के लिए घातक है। अतः इसी कारण यहाँ सर्वशिवत्व की धारणा को दृढ़ता से विकसित करने पर विशेष बल दिया गया है, क्योंकि यह दृष्टि सर्वसमत्व की भावना[19] को विकसित कर सामाजिक विसंगतियों का उन्मूलन करने में एक रचनात्मक भूमिका निभा सकती है।

संसार की प्रत्येक अवस्था को शिवरूप स्वीकार लेने पर सारी विरूपताएं विलीन हो जाती हैं।[20] सब उसी परम सत्ता के स्वातंत्र्य के स्पंद हैं, उसी के नियमों से अनुशासित हैं – यह अनुभव मन के सारे अवसाद को समाप्त करके प्रमाता को इस मानसिकता की ओर उन्मुख करता है कि वह स्वयं को उस परमेश्वर की व्यवस्था का अंग मानते हुए अपने कर्तव्य का शांत चित्त से निर्वाह करे। अब वह जीवन के सभी अनुभवों को समभाव से ग्रहण करता है। यही उसकी स्वस्थता है। यहाँ किसी भी प्रकार की भावना, ध्यान, धारणा, जप या कठोर अभ्यास की आवश्यकता नहीं रह जाती।[21] अब वह केवल पारमेश्वरी इच्छा का कारण भर रह कर जीवन यापन करता है। यह सर्वस्वीकरण उसे पूर्णता का वह आस्वाद प्रदान करता है जिससे उसका सारा दैन्य और कष्ट समाप्त हो जाते है।

अब देखना है कि यह सर्वांगीण चिंतन कैसे विकसित हो। यहीं आवश्यकता है उपायों या साधनों की। शास्त्रों में इसके लिए गुरुतः, शास्त्रतः, स्वतः की पद्धति प्रतिपादित है। व्यक्ति अपनी प्रतिभा के अनुसार इनमें से किसी भी एक साधन के द्वारा या सम्मिलित रूप से सभी साधनों की सहायता से इस धारणा को दृढ़ता से जब अपने मन में बैठा लेता है तो उसका चित्त विकार–मुक्त होकर शिवत्व में समाविष्ट हो जाता है। अब उसके लिए कुछ भी त्याज्य या उपादेय नहीं रह जाता।[22] यहाँ सब शिवमय है, उसकी अपनी चेतना से अंतरंग है। यही है स्वात्मपूर्णता का भाव।[23] यही है उसका स्वस्वरूपलाभ। इस पूर्णता तक पहुँचने में ज्ञान, भक्ति योग तथा चर्या इन सभी की यथास्थान उपयोगिता है।

आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा अपने तंत्रालोक ग्रंथ में इस समावेश की अवस्था तक पहुँचने के लिए उपायचतुष्क प्रतिपादित कर उनमें द्वारद्वारीभाव बताया गया है। अति स्थूल दृष्टि वाले साधक, जिनकी बुद्धि किसी द्वयापत्तिपरक बाह्य आलंबन के बिना साधना में समर्थ नहीं है, भेद परक उपायों की सहायता से उस समावेशात्मिका प्रतीति को प्राप्त करने में समर्थ होते हैं। उनसे उत्कृष्ट कोटि के साधक मानसिक स्तर पर ही द्वयापत्ति के माध्यम से साधना करते हुये समस्त विकल्पों का संस्कार करके उस अद्वय तत्त्व की प्राप्ति करते हैं। तृतीय कोटि के साधक बिना किसी द्वैतपरक चिंतन के साक्षात् रूप से उस अद्वय तत्त्व के चिंतन में समर्थ हैं। इनसे ऊपर वे साधक हैं जो स्वाभाविक रूप से बिना किसी प्रयास के उस अद्वय तत्त्व का निरंतर साक्षात्कार करते रहते हैं। साधक अपनी सामर्थ्य के अनुसार इनमें से किसी भी मार्ग से प्रारंभ कर सकता

है। अभिनवगुप्त इसे शुद्ध अहं भाव का अनुसंधान कहते हैं। यह दो प्रकार से घटित होता है – प्रथम है उस अहं भाव में पूर्ण समावेश के द्वारा सर्वात्मलय (लय योग) तथा द्वितीय है उस अहं भाव में विश्वचेतना का जागरण। पहले का परिणाम है चिद् भाव का गंभीरीकरण अथवा चेतना का ऊर्ध्वोन्मुख विकास तथा दूसरा है चिद् भाव का विस्तारीकरण जिसका प्रतिफल है चेतना का समानांतर विकास। प्रत्यभिज्ञा कारिका पर अपनी विमर्शिनी टीका में वे इसे और सुगम बना कर प्रत्यभिज्ञा की प्रक्रिया के माध्यम से स्पष्ट करते हैं और आचार्य उत्पल का समर्थन करते हुए स्वशक्त्याविष्करण मात्र से अपूर्णता का विलोपन मानते हैं।[24]

यहाँ साधक की जिस सामर्थ्य या पात्रता की बात होती है वह है हेयोपादेय विवेक जिसे यह संप्रदाय सत्तर्क[25] कहता है। यही यहाँ की योगप्रक्रिया का प्रथम सोपान है। इस सत्तर्क को यहाँ प्रतिभा रूप से भी बताया गया है । योग शब्द को समावेश के अभिप्राय में ग्रहण करके इसे अयत्नसिद्ध कहा गया है जिसका निहितार्थ यह है कि इस संप्रदाय की सर्वग्राही प्रवृत्ति के कारण यहाँ साधक का लक्ष्य कुछ भी त्यागने में निहित न होकर सबको अपना अंश बनाने में है, निजत्व और विश्वत्व का भेद गला देने में है, अपनी अहंता को सर्वभाव से पूर्ण करने में है। इस मार्ग की सहजसाध्यता का अभिप्राय यही है कि यहाँ मन की भेदात्मिका दृष्टि को शांत कर जीवन के क्षुद्र से क्षुद्र अनुभव को उस योग प्राप्ति का साधन बनाया जा सकता है[26]। अब उसकी सारी क्रियाएँ उस पर – तत्त्व का पूजन बन जाती हैं, सारे उच्चार उसका जप।[27] इसी दृष्टि से जयरथ ने इस संप्रदाय में प्रतिपादित योग को अन्य शास्त्रों में प्रतिपादित योगविधाओं से श्रेष्ठ कहा है।[28]

यह शिव–योग बहुत सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। विज्ञानभैरव तंत्र इसके लिए बहुत से उपाय बताता है। जैसे जिस स्थिति में मन संतुष्टि पाए उसी विषय की धारणा करके परानन्द की प्राप्ति संभव है। सभी देहधारी चिद्धर्मा हैं, अतः सब चिन्मय हैं यह धारणा भी दृढ़ हो जाने पर संसार से मुक्त कर सकती है। काम–क्रोध आदि चित्त–वृत्तियों में से किसी एक की धारणा करके भी चिदानंदलाभ संभव है। न सुख में और न दुख में चित्त को स्थापित करे वरन् इनके मध्य में चित्त को स्थापित कर उस आनंदावस्था की प्राप्ति की जा सकती है, सर्वत्र 'मैं हूँ' की वृत्ति को स्थिर करने से भी परमानंदलाभ संभव है। ग्राह्य–ग्राहक संवित्ति के बीच अपने ग्राहक रूप को याद रख कर यह स्वस्वरूपलाभ संभव है। तीव्र संवेगों की अवस्था के अंत में भी ब्रह्मानन्द जैसा अनुभव हो सकता है। अपने शरीर में स्थित चेतना की तरह ही अन्य शरीरों में भी उसी संवित्ति का अनुभव करते हुए भी उस पूर्णता के आस्वाद तक पहुँचा जा सकता है। शुचि–अशुचि की कथा छोड़कर मन को पवित्र करके भी उस आनंद को प्राप्त किया जा सकता है। जिन–जिन विषयों की ओर मन भागता है उसी क्षण उस विषय से मन को हटा कर निस्तरंग हुआ जा सकता है। न शत्रु के प्रति द्वेषभाव रखे न मित्र तथा बंधु– बाँधवों के प्रति राग रखे तभी शुद्ध स्वात्मरूप की प्राप्ति संभव होती है। आदि– आदि। इस प्रकार यहाँ जीवन की छोटी से छोटी क्रिया उस चिद्रूप तक पहुँचने का साधन बन सकती है। वस्तुतः तो यह संप्रदाय पूर्णाद्वैत कहलाता है, अतः यहाँ सारा व्यवहार अपूर्णता से पूर्णता की ओर जाने की ही प्रक्रिया है। जो भी चेतना से भिन्न रूप में अनुभूत है वह अपूर्ण है, और जो चेतना से एकात्म होता जाता है वह उस चेतना को भी पूर्ण करता जाता है और स्वयं भी उसका अंग बन कर पूर्ण हो जाता है। इस तरह यहाँ की साधना का लक्ष्य है एक ऐसी पूर्ण जीवन–दृष्टि विकसित करना जिसमें व्यष्टि और समष्टि का भेद समाप्त होकर ऐसी सोच उत्पन्न हो जिससे सबका मंगल हो, विध्वंसकारी वृत्तियों का क्षय हो कर सर्वत्र पूर्णता के आस्वाद से जन्य आनंद का साम्राज्य हो।

इस प्रकार कश्मीर शिवाद्वयवाद लोकोत्तर चिंतन नहीं है, वरन इस लोक को अपना बनाने का चिंतन है, भेदग्राही दृष्टि को त्याग कर संसार को अपने से अभिन्न रूप में अनुभव करने का दर्शन है, अपूर्ण को पूर्ण बनाने का चिंतन है, इसी जीवन में शिवत्व की अनुभूति का दर्शन है, आत्मा के विस्तार का चिंतन है, पर के स्वात्मीकरण का चिंतन है। यहाँ तो सारे विकारों को, सारी शारीरिक दृमानसिक वृत्तियों को शिवोन्मुख करके अपने पूर्ण स्वरूप की प्राप्ति ही सारे कष्टों की

समाप्ति है, यही परमानंद की अवस्था है जिसे जीवन के हर क्षेत्र में अनुभव कराना ही इस दर्शन का लक्ष्य है। अंततः हम वर्तमान जीवन में इस संप्रदाय की उपादेयता को निम्न तथ्यों को जीवन में अपना कर ही सिद्ध कर सकते हैं –

– भेद दृष्टि को त्याग कर एकांगी सोच से मुक्त रह कर सगग्रतावादी दृष्टि से व्यवहार करना।
– सर्वत्र समत्व चेतना का विकास करना क्योंकि सब शिवमय हैं।
– व्यवहार में विधि–निषेध, शुद्धि–अशुद्धि की भावना से मुक्त रह कर सबकुछ शिवमय मानते हुये चित्त को सभी विकारों से मुक्त रखना।
– जाति– वर्ण– लिंग भेद की भावना से मुक्त चित्त से समस्त व्यवहार संपादित करना।
– सबको उसी पारमेश्वरी इच्छा का करण मान कर अपने हर प्राप्तव्य– अप्राप्तव्य को उस परमसंविद् के स्वातंत्र्य का ही स्पंद मानना।
– हमारी इच्छा, ज्ञान तथा क्रिया की सामर्थ्य उस पारमेश्वरी इच्छा से ही नियमित है इस सत्य का सदैव स्मरण रखते हुये अपने को उस परम व्यवस्था का एक घटक मात्र मानना।
– जीवन की छोटी से छोटी क्रिया, तुच्छ से तुच्छ वस्तु को उस परमेश्वर का ही अंश मान कर उस के ही माध्यम से चित्त के विकारों को दूर कर चेतना का विस्तार करना।
– इस समता दृष्टि या अद्वय दृष्टि का विकास होने पर सर्वत्र आनंदमयता की अनुभूति करते हुए सदा स्वस्थ रहना। □□

---

1. आचार्य अभिनवगुप्त तत्त्वमीमांसागत अनुभव को समझाने के लिए नितंबिनी नृत्त तथा मल्लयुद्ध आदि दृष्टान्त इसीलिये देते हैं क्योंकि ये वे स्थितियाँ हैं जिनमें हम कुछ क्षणों के लिए देश–काल की सीमाओं को लाँघ कर जिस आत्मविस्मृति की अवस्था में जा पहुँचते हैं वही आत्मलाभ का क्षण है। यहाँ कुछ देर के लिए सीमित स्वत्व का विगलन होकर पूर्णता का जो प्रत्यभिज्ञान होता है वह हमें अपने वास्तविक रूप से परिचित कराता है।
2. स्वात्मैव सर्वजन्तूनामेक एव महेश्वरः।
विश्वरूपोहमिदमित्याखण्डामर्शबृंहितः ।। ई०प्र०का० 4/1/9
3. यत्सत्यं यदसत्यमल्पबहुलं नित्यं न नित्यं च यत्
यन्मायामलिनं यदात्मविमलं चिद्दर्पणे राजते।
तत्सर्वं स्वविमर्शसंविदुदयाद् रूपप्रकाशात्मकं
ज्ञात्वा स्वानुभवाधिरूढमहिमा विश्वेश्वरत्वं भज।। अनुत्तराष्टिका 8
4. तंत्रालोक में आचार्य अभिनवगुप्त पातंजल योग के चित्तवृत्तिनिरोध के सिद्धांत की तरह इन तीन प्रत्ययों की कल्पना करते हैं। (तंत्रालोक 3/216–9) चित्तविश्रांति की अवस्था में सारी द्वैतपरक कल्पनाओं के मूल चित्त का द्वैतात्मक व्यापार विश्रमित हो जाता है। चित्त संबोध विकल्प संस्कार की अवस्था है जिससे चित्त को सत् के यथार्थ रूप का बोध हो जाता है तथा चित्तप्रलय में वह अन्तःकरणात्मक चित्त चिततत्त्व में लीन हो जाता है।
5. सोमानंद शिवदृष्टि के मंगल श्लोक में ही यह स्पष्ट कर देते हैं कि वह शिव स्वयं स्वात्म रूप का निवारण भी करता है और पुनः प्रकाशन भी, जिससे बंध और मुक्ति की अवस्था संभावित होती हैं। संपूर्ण शिवदृष्टि में उनका लक्ष्य इसी सर्वशिवत्व की सिद्धि है। जो सांसारिक प्रमाता की दृष्टि में कष्टमय स्थितियाँ हैं वे भी उसके स्वरूप का ही प्रसार हैं। मायाशक्तिकृत पूर्णस्वरूप का अज्ञान ही इनके प्रकाशन में निमित्त है। शिवदृष्टि 1/11–13
एवं भेदात्मकं नित्यं शिवतत्त्वमनंतकम्।
तथा तस्य व्यवस्थानान्नानारूपे अपि सत्यता।। वही 1/49
6. शक्त्याविष्करणेनेयं प्रत्यभिज्ञोपदर्श्यते ।।ई० प्र० का० 1/1/2
7. इति प्रकटितां मया सुघट एष मार्गो नवो
महागुरुभिरुच्यते स्म शिवदृष्टिशास्त्रे यथा । वही 4/1/16
8. ....अयमभिनवःसर्वरहस्यशास्त्रान्तर्गतः सन्निगूढत्वादप्रसिद्धो बाह्यांतरचर्याप्राणायामादिक्लेशप्रयासकलाविरहात् सुघटस्तावदुक्तः– ई०प्र०वि०, भा०2 पृ० 309–१०
9. एकवारं प्रमाणेन शास्त्राद्वा गुरुवाक्यतः।।
ज्ञाते शिवस्थे सर्वस्थे प्रतिपत्त्या दृढात्मना।
करणेन नास्ति कृत्यं क्वापि भावनयापि वा।। शिव०दृ० 7/5–6
10. विश्वमेकस्वरूपेण रूपेण प्रतिपद्यते।
शिवभावनयौषध्या बदधे मनसि संसृतेः।।
काष्ठकुड्यादिषु क्षिप्रो रसवच्छिवरूपता। वही 7/47–48
11. अहो महदिदं कर्म देव त्वद्भावनात्मकम्।
आब्रह्मकृमि यस्मिन्नो मुक्तये अधिक्रियेत कः।। भास्करी भा०1, पृ०30
यः कश्चित् जायमानः तस्य – अधिकारिविषरों नात्र कश्चिन्नियम इति – ई० प्र० वि०, भा०1–पृ०29
12. चेतना या चिति ही वह अद्वयतत्त्व है जो सारे भासन के लिए उत्तरदायी है। इसका विवेचन यहाँ दो स्तरों पर किया गया है। असंकुचित चित तथा संकुचित चित। असंकुचित चित ही यहाँ परमेश्वर या महेश्वर कथित है, साथ ही उसे परमशिव भी कहा गया है। इसके स्वतंत्र्य से ही यह ज्ञातृज्ञेय जगत प्रसृत भी होता है और नियमित भी। संकुचित चित संसारी जीव है जो परमेश्वर की मायाशक्ति के प्रभाव में अपने वास्तविक स्वरूप को भूल गया है। उसको ही आत्मलाभ कराना शास्त्र का लक्ष्य है। यद्यपि उसका स्वातंत्र्य सीमित है पर आत्मप्रकाशन की सामर्थ्य उसके पास भी है।
13. न मे प्रियश्चतुर्वेदों मद्भक्तः श्वपचोपि वा।
तस्मै देयं ततो ग्राह्यं । भा० भा०1पृ०30
14. स एव हि स्वस्वातंत्र्यादतिनिर्ह्रासतारतम्यादियोगाद्विचित्रेणोपदेश्यजनात्मना प्रस्फुरन् तदनुसारमेव तत्तदुपायवैचित्र्यमप्याभासयेत्। तंत्रालोकविवेक, तंत्रालोक भा०2 पृ०315–6
15. स्वस्वरूपापरिज्ञानमयो अनेकःपुमान् मतः।
तत्र सृष्टौ क्रियानंदौ भोगो दुखसुखात्मकः। ई०प्र०का०4/1/3
16. शि०दृ०1/34–38
17. ई०प्र०का०4/1/8 तथा उस पर विमर्शिनी
19. एवं सर्वपदार्थानां समैव शिवता स्थिता ।
परापरादिभेदो अत्र श्रद्धाणैः उदाहृतः।। शि० दृ०1/48
20. रागद्वेषसुखासुखोदयलयाहंकारदैन्यादयों
ये भावाःप्रविभांति विश्ववपुषो भिन्नस्वभावा न ते । अनुत्तराष्टिका 5
21. तंत्रालोक 2/34 तथा उस पर विवेक टीका
22. स्वात्मनि विश्वगते त्वयि नाथे तेन न संसृतिभीतिकथास्ति।
सत्स्वपि दुर्धरदुखविमोहत्रासविधायिषु कर्मगणेषु।। भै० 3
23. पूर्णानंदचमत्कारघनतया सर्वातिशायिनि चिद्विकासात्मवृत्तिमार्गे विश्रांताः– स्वरसावस्थानेनैव लब्धतत्सामरस्या — तंत्रालोक विवेक भा०2 पृ०338–9
सर्वो ममायं विभवः इत्येवं परिजानतः।
विश्वात्मनो विकल्पानां प्रसरे अपि महेशता।। ई०प्र०का० 4/1/12
24. स्फुटतरभासमाननीलसुखादिप्रमान्वेषणद्वारेण एव पारमार्थिकप्रमातृलाभ इह उपदिश्यते। ई०प्र०वि० भा०भा०1 पृ०34–35
भास्कर इसे इस प्रकार स्पष्ट करते हैं–
यः पुण्यपापहेतुत्वेन मम पूर्वं प्रसिद्धः नीलसुखादिर्भावः स एव मोक्षसाधनम्।—=
येनैव मुहयति जडः प्राज्ञस्तरति तेनैव संसारात्। भा० भा०1 पृ० 40–41
25. यह सत्तर्क सामान्य तर्कणा से विशिष्ट है । इसका स्वरूप है शुद्धविद्या के स्पर्श से पवित्र बुद्धि के कारण उदीयमान स्वात्मप्रत्यभिज्ञापन। यही तर्क पराकाष्ठा को प्राप्त कर भावना कहा जाता है।
26. इसी संदर्भ में तांत्रिक साधना में पाँच मकारों की उपयोगिता उपपन्न सिद्ध होती है। पंच मकार उस सीमा के प्रतिनिधि हैं जिससे ज्यादा निंदनीय उस समाज में कुछ और नहीं था। जो भी वैदिक संस्कृति में वर्जित था उसको यहाँ स्वीकार कर शिवात्मकता–वृत्ति की प्रगाढ़ता की परीक्षा का साधन बनाया गया क्योंकि यहाँ यह असंदिग्ध विश्वास था कि शिवात्मक चौतन्य का संधान कर लेने पर पर साधक कभी उस चेतना से च्युत नहीं होता।
27. यद् दृश्यं यच्च संस्पृश्यं यद्घ्रेयं रस्यमेव यत्।
यच्छ्राव्यं तच्छिवव्यक्तेरतच्छिवत्वेन संश्रितः ।
गम्ये ग्राहये तथा वाच्ये सुखादावपि सर्वदा ।।
स्थिते शिवत्वे बद्धास्थो भवेत सर्वगतः शिवः।। शि० दृ० 7/102–4
28. .... संविदद्वैतशालिनों योगिनः कार्याकार्यविभागो नास्ति, इत्युक्तं स्यात्, अत एव प्राणायामाद्यांगकरणकतयाकृत्रिमत्वात् स्वरससिद्धसंविदद्वयात्मनों योगस्य स्वल्पेनापि अंशें दर्शनांतरीया योगाः साम्यमात्रमप्यधिगन्तुंनोत्सहन्ते ——। तंत्रा० वि०, तंत्रा० भा० 3 पृ० 729

The Ishwar Ashram Trust

Aims & Objectives

In accordance with the Will of Shri Swami Lakshman Joo Raina and the codicil thereto dated 8th December, 1984 (registered on 22nd December, 1984), the ISHWAR ASHRAM TRUST was established at Gupta Ganga, Ishber, Srinagar, Kashmir with centres at Jammu and Delhi on 4thMay, 1992' with following:

The registered office of the Trust is located at Ishwar Ashram, P.O. Brein, Village Ishber, Nishat, Srinagar, Kashmir with its Administrative Office at 2, Mohinder Nagar, Canal Road, R.O. Tawi, Jammu. Its Delhi Chapter Office is situated at R-5, Pocket D at Sarita Vihar, New Delhi 110049. The Trust shall have' its offices/centres located all over the country and abroad as the Trustees may, in the interest of Trust, so decide, from time to time. A Kendra of the Trust has been established at Mumbai.



Ishwar Ashram, Ishber, Srinagar

Objectives of the Trust

Among the major objectives of the Trust, the following merit special attention:

- To establish, run and maintain centres for the propagation of KASHMIR SHAIVISM as propounded and followed by Shri Swamiji at Ishwar Ashram, Ishber, Srinagar, Kashmir and at such other place/places as may be decided by the Trust,
- To create, establish, run and maintain place/places as Centre/Centres of Meditation, Discourses, Meetings, Satsangs etc.
- To acquire, purchase, publish, print, buy and sell, books, publications of Shaiva philosophy, to make, purchase, issue and sell audio and

video cassettes on thoughts and philosophy of Swamiji and to organize lectures, recitations, photographic displays, discourses and related literature on philosophy of Kashmir Shaivism as propounded by Swamiji and other saintly personalities.

- To organise periodical prayer meetings, Havans, Yajnyas, Bandaras, Pujas, Satsangs in accordance with the periodicity and practices in vougue in Ishwar Ashram during the life time of Swamiji at such Ashram and other places as may be thought fit to be expedient for accessibility of the devotees and fulfillment of the objectives of the trust.
- To print, publish, circulate or otherwise make known or propagate the teachings of Shiva Philosophy of Kashmir in all its dimensions by means of publications, e.g. periodicals, magazines, handouts, pamphlets, advertisements, books, souvenirs, audio cassettes, video cassettes and such other means of communication as may be expedient.
- To preach, publish, advertise, propagate in every manner possible, the virtues of harmony, mutual goodwill, peace, tranquility and austerity amongst the devotees without distinction of religion, caste, creed, colour and sex.
- To organise the meetings of the devotees of Swamiji without any restrictions on account of religion, caste, colour, creed, sex, nationality and to encourage continuous and harmonious interaction amongst the devotees.
- To preach, propagate and encourage or otherwise enforce the adherence to vegetarianism and abstinence from drugs, narcotics and alcohol.
- To set up scholarships to enable deserving persons without the distinction of caste, creed, religion and sex for pursuance and research in Kashmir Shaiva philosophy and for advancement of such knowledge and research to attain the objectives of the Trust.
- To do such other things as may be incidental or ancillary to the attainment of the main objectives of the Trust. For further details of the objectives and management of finances and other matters, reference may please be made to the Trust Deed and Rules and Regulation of the Trust. ❑❑

ISHWAR ASHRAM TRUST

(Founded by Shri Ishwar Swaroop Swami Lakshmanjoo Maharaj)

List of Publications 2014

(English)

S.No	Title	Author	Price Rs.
1.	Lectures on Principle and Discipline in Kashmir Shaivism (Hard Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
	Lectures on Principle and Discipline in Kashmir Shaivism(Soft Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
2.	Kashmir Shaivism (The Secret Supreme) Hard Bound Indian Edition	Swami Lakshmanjoo	Rs. 350/-
	Kashmir Shaivism (The Secret Supreme) Paper Bound Indian Edition	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
3.	Sri Vatulnatha Sūtrāni	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
4.	Kundalanī Vijñāna Rahaysam (New Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
5.	Self-realization in Kashmir Shaivism (Indian Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
6.	Abhinavgupta's Bodhpanchadashikā (With 1 audio CD)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 200/-
7.	Kshemaraja's Parāpreveshikā (With 2 Audio CDs)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
8.	Shiv Sūtras (Indian Edition) in English	Swami Lakshmanjoo	Rs. 500/-
9.	Bhagwadgita in the Light of Kashmir Shaivism (Indian Edition) (with 1 Audio CD)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 1500/-
10.	Vigyana Bhairava with Swamiji commentary (with CD)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 600/-

Hindi / Sanskrit

S.No	Title	Author	Price Rs.
1.	Shri Bhagvadgitārtha- Saṁgraha (Sanskrit)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
2.	Sambapanchashikā	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
3.a	Panchastavi with Hindi translation (Hard Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 200/-
3. b	Panchastavi with Hindi translation (Soft Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
4. a	Kramanayapradīpikā (Hard Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
4. B	Kramanayapradīpikā (Soft Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
5.	Tantrāloka (First Āhnīka) with Hindi translation	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
6.	Snan Sandhyopasana Vidhi with Gurugita manuscript in Sanskrit	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
7.	Stuti Chandrika (New Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-

Audio CDs

1.	Amriteshwar Bhairav Mantra (English)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
2.	Bhagvad Gita (Abhinavaguptas Sangraha Slokas) English	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
3.	Abhinavagutas Bodhapanchadashika English	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
4.	Kshemarajas Parapraveshika (English) set of 2 CDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 200/-
5.	Shiv Sutras (English) (Set of 2 MP3 CDs)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 400/-
6.	Gunas, Devotion, Meditation & Grace (Set of 3 CDs) (English)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
7.	Sri Utpaldevas Shivastotravali (Selected Verses) set of 4MP3 CDs (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 400/-
8.	Sri Tantraloka (194 Audio Lecturers) MP3 CDs (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 4000/-
9.	Yams and Niyams in Kashmir Shaivism (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
10.	Radio Interview on Aspects of Kashmir Shaivism (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
11.	Golden Lecture Series-I Meditation (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
12.	Golden Lecture Series-II Meditation (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
13.	Golden Lecture Series-III Meditation (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
14.	Stutikusumanjali Selected Verses (Kashmiri)		Rs. 150/-
15.	Shiv Sutras MP3 CD (Kashmiri) New Release		Rs. 150/-
16.	Radio Interview on Aspects of Kashmir Shaivism (Hindi)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-

Video CDs / DVDs

1.	Abhinavagupta's Paramārthsāra Selected Verses Commentary English Set of 3 DVDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 500/-
2.	Bhagwadgita in the Light of Kashmir Shaivism (Chapters1-6) DVDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 2000/-
3.	Secret Supreme- Selected Verses- Kashmir Shaivism and Parmarthsara-DVD	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-

Other Items

1.A	Car Photo of Swami Lakshmanjoo (Divinity Golden on MDF)		Rs. 300/-
1.B	Car Photo of Swami Lakshmanjoo (Divinity Golden on Acrylic)		Rs. 300/-
2.	Car Photo of Swami Lakshmanjoo Acrylic		Rs. 50/-
5.	Locket Acrylic of Swami Lakshmanjoo		Rs. 30/-
3.	Photographs of Swami Lakshmanjoo	A. Size 4"x6" (Colour)	Rs. 10/-
		B. Size 8x10" (Colour)	Rs. 50/-
		C. Size 18"x24" (Colour)	Rs. 500/-

Note : For Placing order for any Publication/CD's /Other items Kindly send your cheque/ DD in favour of "ISHWAR ASHRAM TRUST" payable at Delhi. Address – Plot No. R-5, Pocket–D, Sarita Vihar, New Delhi — 110076, Postage/VPP Charges are to be paid 10% extra.

Ishwar Ashram Trust

(Founded by Ishwar Swaroop Swami Lakshmanjoo Maharaj)

Srinagar: Guptaganga, Ishber (Nishat)- 191 021 (Kashmir), **Jammu:** 2-Mohinder Nagar, Canal Road, Jammu-180 002, **Delhi:** R-5, Pocket D, Sarita Vihar, New Delhi-110 076

Calendar of Events 2013-2014

2014		
31 March	Monday	Navreh
15 April	Tuesday	Pratishtha-Divas Amriteshwar Temple, Delhi Ashram.
24 April	Thrusday	Pratishtha-Divas Amriteshwar Temple, Jammu Ashram.
26 April	Saturday	Janama Divas - Ishwarswaroop Swami Ji Maharaj (Lunar)
9 May	Friday	Janama Divas - Ishwarswaroop Swami Ji Maharaj (Varsha)
11 May	Sunday	Pratishtha-Divas Amriteshwar Temple, Srinagar Ashram.
12 July	Saturday	Guru Purnima
10 August	Sunday	Shrawan Purnima and Rakshabandhan
17 August	Sunday	Janamashtami
10 Sept.	Wednesday	Pitripaksh Jag [Yajniya] Swami Mahtabkak Ji Maharaj.
12 Sept.	Friday	Varshik Jag [Mahasamadhi Divas] Shaivachaiya Ishwarswaroop Swami Ji Maharaj.
23 Sept.	Tuesday	Swami Ram ji Jag (Pitrapaksha)
27 Oct.	Monday	Swami Mahtab Kak ji Birthday Jayanti
19 Dec.	Friday	Swami Ram ji Birthday Jayanti
2015		
19 Jan.	Monday	Varshik Jag - Swami Ram Ji Maharaj (100th Maha Samadhi Divas)
16 Feb.	Monday	Mahashivaratri
20 Feb.	Friday	Varshik Jag - Swami Mehtab Kak ji Maharaj

ISHWAR ASHRAM TRUST

(FOUNDED BY SHRI ISHWARSWAROOP SWAMI LAKSHMANJOO MAHARAJ)

MEMBERSHIP FORM

To,   Date ....

The Secretary
Ishwar Ashram Trust, Delhi

I, hereby request you kindly to enrol me as a member of the SRINAGAR/JAMMU/DELHI/MUMBAI Kendra of the Trust in the category indicated below:

Donor	One time donation of	Rs. 1.00 Lakh.
Patron	One time donation of	Rs. 10,000.00
Life Member	One time donation of	Rs. 3,000.00
Associate Member	Annual	Rs. 300.00

Enclosed please find Draft/Cheque/Cash No. ....Dated............................... drawn on ....for

(Rs.........) Rupees ....Payable to Ishwar Ashram Trust at Srinagar/Jammu/Delhi.

My particulars are as under:
Name ....

Address (in block letters) ....

....

Tel. (R) .... (O) .... (M)..

e-mail: ....

I pledge to abide by the rules & regulations of the Trust and will be delighted to contribute and work for the Trust in the following areas:

- (a) Organisation of conferences, seminars, lectures, study circles etc.
- (b) Audio-video presentations.
- (c) Publications
- (d) Sale of books/cassettes, photographs, CD's etc.
- (E) Procurement of advertisements.
- (F) Publicity
- (G) Medical, charitable & social welfare activities.

(Please tick mark (✓) the options)

(Signature)

MALINI

A Quarterly Publication of Ishwar Ashram Trust

Subscription Form

To,   Dated............

The Circulation Manager
Malini.

Kindly enroll me as a subscriber of Malini

For 4 issues ☐   For 8 issues ☐   for 12 issues ☐

Name ....

Address...

....

Pin .... **E-mail** ....

Tel (R) .... **Mobile** ....

Subscription Rates (In India)

4 Issues----Rs. 150 (1 year)	8 Issues---- Rs. 300 (2 years)	12 Issues----Rs. 450 (3 years)

Payment Details

Cheque/Cash/DD (No.) .... Date ....

Bank .... Amount ....

Signature

Note:

1. All Cheques/DD to be in favour of "Ishwar Ashram Trust" payable at Srinagar/Jammu/Delhi/Mumbai.

2. For subscription and any related correspondence, please contact (i) the Circulation Manager, Malini, Ishwar Ashram Trust; R-5, Pocket-D, Sarita Vihar, New Delhi-110 076 (for outside J&K State) and (ii) Circulation Manager, Malini, Ishwar Ashram Trust, 2-Mohinder Nagar, Jammu (for J&K State)

Ishwar Ashram Trust, Delhi Kendra

Dr. Rafael Torella's Lecture on '*Utpaldeva's Importance*'

New Delhi – October 23, 2013

Dr. Rafael Torella delivering his lecture on Utpaldeva



Dr. Rafael Torella answering a query from the audience



A view of the audience

RNI No. DELMUL/2007/18760

Introductory Workshop on Kashmir Shaivism

Conducted by Kashmir Shaiva Institute (Ishwar Ashram Trust)

New Delhi, December 1-7, 2013

A view of the Workshop

Dr. Rajneesh Mishra presenting certificate to a student

A foreign student making her presentation

Printed and Published by Shri R.K. Sadhu for and on behalf of Ishwar Ashram Trust, R-5, Pocket-D, Sarita Vihar, New Delhi-76, Tel.: 26958308
Email: iatishber@rediffmail.com, Printed at: Print Art, A-29/2, Naraina Industrial Area, Phase-1, New Delhi.
Editor-in-Chief: Dr. Shashi Shekhar Toshkhani